Declaration of Gangasagar in (WB) as National Pilgrimage

1534. SHRI RAGHAVJI:
PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether a proposal to declare Gangasagar in West Bengal as a National Pilgrimage has been received by Government; and

(b) if so, what action has been taken thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI OMAK APANG): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

पर्यटल स्थलों के रख –रखाव के लिए व्यय की गई राशि

1535. **श्री डी0 पी0 यादव** : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)वर्ष 1998 के दौरान देश के सभी पर्यटन स्थलों के रख-रखाव हेतु उनके मंत्रालय द्वारा कुल कितनी राशि व्यय की गई; और

(ख)क्या यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हैं; यदि हां, तो उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या हैं?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओमाक अपांग) : (क) और (ख) पर्यटक स्थलों का रख-रखाव करना राजय सरकारों कि जिम्मेदारी हैं। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, प्रत्येक वर्ष, देश में पर्यटक अवसंरचना के विकास के लिए, प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के आधार पर राज्य सरकारों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता मुहैया कराता हैं।

वर्ष 1998-99 के लिए, पर्यटक अवसंरचना के विकास हेतु बजट प्रावधान, वर्ष 1997-98 में 25.85 करोड़ रू की तुलना में, 5280 करोड़ रू0 हैं। वर्ष 1998-99 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के राज्य-वार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए) निधि का तिहाई हिस्सा पहली किश्त मे रिलीज दिया गया हैं।

विवरण

वर्ष 1998-99 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त परियोजनाओं के राज्य-वार ब्यौरे

क्रम सं0	राज्य	1998-99 प्राथमिकता प्राप्त परियोजन	1998-99 प्राथमिकता प्राप्त राशि (लाख रू0 में)
1.	आंध्र प्रदेश	14	367.08
2.	असम	12	397.00
3.	अरूणाचल प्रदेश	13	432.00
4.	बिहार	12	325.00
5.	गोवा	17	411.00
6.	गुजरात	15	400.00
7.	हरियाणा	12	312.00
8.	हिमाचल प्रदेश	12	5332.00
9.	जम्मू व कश्मीर	21	710.00
10.	कर्नाटक	14	455.30
11.	केरल	15	467.00
12.	मध्य प्रदेश	17	421.00
13.	महाराष्ट्र	10	265.00